# वित्ति मंत्रालय द्वारा दस वर्ष की अर्थव्यवस्था की समीक्षा

[स्रोत: द हिंदू]

[अंतरिम बजट] [2024-25] से पहले वित्तिमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था की 10 वर्ष की समीक्षा प्रस्तुत की।

- **विकास प्रक्षेपण:** समीक्षा में अनुमान लगाया गया है कि **भारत की GDP 2024-25 में 7%** के करीब बढ़ेगी, वर्ष 2030 तक **7% से "काफी ऊपर (Well Above)"** जाने की संभावना है।
  - अपेक्षित है कि अर्थव्यवस्था इस वर्ष लगभग **3.7 ट्रिलियन डॉलर** से बढ़कर तीन वर्ष में **5 ट्रिलियन डॉलर** हो जाएगी, जिससे यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी और **वर्ष 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर** तक भी पहुँच सकती है।
  - **विकास के दो चरण:** समीक्षा भारत की विकास कहानी को दो चरणों में विभाजित करती है:
    - **1950-2014 तक और फिर वर्ष 2014 के बाद से 'परिवर्तनकारी विकास का दशक'।**
    - यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि संरचनात्मक बाधाओं, **देर से निर्णय लेने और उच्च मुद्रास्फीति** के कारण अर्थव्यवस्था की स्थिति **"उत्साहजनक"** नहीं थी।
    - हालाँकि **वर्ष 2014 के बाद के सुधारों** ने अर्थव्यवस्था की स्वस्थ रूप से बढ़ने की क्षमता को बहाल कर दिया है, जिससे भारत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला **G-20 राष्ट्र** बन गया है।
  - **गुणात्मक श्रेष्ठता:** समीक्षा में दावा किया गया है कि भारत की **7% की वृद्धि** (जब विश्व 2% की दर से बढ़ेगी) पिछले युग के दौरान हासिल की गई **8%- 9% की तुलना** में "गुणात्मक रूप से श्रेष्ठ" है जब **वैश्विक अर्थव्यवस्था 4% की दर** से बढ़ी थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/decade-long-economic-assessment-by-the-finance-ministry